## एक नजर में

### राष्ट्रीय शोध समागम में डॉ. चाँदनीवाला व्याख्यान देंगे

**रतलाम।** दत्तोपंत ठेंगड़ी संस्थान, भोपाल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शोध समागम में रतलाम के वेद मर्मज्ञ डॉ.मुरलीधर चाँदनीवाला 'भारतीय ज्ञान के आधार' विषय पर व्याख्यान देंगे। दिनांक 12 से 14 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में डॉ. चाँदनीवाला पूरे समय विषय विशेषज्ञ की हैसियत से उपस्थित रहेंगे। इस प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन में भारत के चुने हुए तीस विद्वानों के अतिरिक्त देशभर के युवा शोधार्थी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सुप्रसिद्ध विचारक एवं लेखक सुरेश सोहनी, आचार्य मिथिलेशशरणनंदिनी जी, उच्च शिक्षा मंत्री इन्दरसिंह परमार करेंगे। डॉ.मुरलीधर चाँदनीवाला के साथ भाग लेने वाले विद्वानों में पद्मश्री डॉ. कपिल तिवारी, पद्मश्री जे.के.बजाज, मुकुल कानिटकर, प्रो.गिरीश्वर मिश्र, प्रो.सच्चिदानंद मिश्र, स्वामी नरसिंहानंद प्रमुख हैं। शिक्षक सांस्कृतिक मंच (संगठन) के अध्यक्ष दिनेश शर्मा, सचिव दिलीप वर्मा, संरक्षक एवं परामर्शदाता डॉ. सुलोचना शर्मा, ओमप्रकाश मिश्र, गोपाल जोशी, कृष्णचंद्र ठाकुर, डॉ. गीता दुबे एवं मंच के सदस्यों ने डॉ.मुरलीधर चाँदनीवाला को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### महिलाओं ने सफाई कर नल कनेक्शनों की पूजा की

**रतलाम।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जलशक्ति मंत्रालय के निर्देशों के परिपालन में रतलाम जिले की पिपलोदी पंचायत के ग्राम बावड़ीखेड़ा में 11 फरवरी को पीएचई कार्यपालन यंत्री एस आर जांगड़े के मार्गदर्शन में 'जल अर्पण दिवस' गर्व का पर्व हर पल नल जल कार्यक्रम का आयोजन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। सरपंच ईश्वर लाल वसुनिया द्वारा माताजी मंदिर में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ग्राम की महिलाओं ने अपने घरों के आगे साफ सफाई कर नल कनेक्शनों की पुष्प हार व स्वस्तिक बनाकर पूजा अर्चना की और टंकी परिसर से गांव में कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में महिलाएं और बालिकाओं ने जल से जुड़े भजन एवं गीत गाए, बच्चों ने जागरूकता हेतु जल बचाने के नारो के साथ रैली निकाली। साथ ही क्रियान्वित नल जल योजना का उचित संचालन, पेयजल स्रोत, ट्यूब वेल, संपवेल नल का रखरखाव, पेयजल को सुरक्षित रखने एवं पेयजल स्रोतों को साफ स्वच्छ बनाए रखने हेतु ग्रामीण जनों द्वारा शपथ के माध्यम से संकल्प लिया गया। विकासखंड रतलाम के सहायक यंत्री डीसी कथिरिया व जिला जल सलाहकार आनंद व्यास ने ग्रामीणों को जल अर्पण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पंचायत सचिव जगदीश बैरागी, सहायक सचिव कृष्णा पाटीदार, नंदराम डोडियार, संजय जैन, विकासखंड समन्वयक बबन बेनल, श्रीमती ममता डोडियार, सज्जन बाई डोडियार, अंगूरबाला ग्रेवाल, नल चालक मायाराम डोडियार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आनंद व्यास ने किया।

### 'ज्ञानोदय शाला उन्नयन अभियान' - शिक्षा के लिए जनभागीदारी की अभिनव पहल

**रतलाम।** सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन ने बताया कि कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में रतलाम जिले में शासकीय विद्यालयों के भौतिक एवं शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण नवाचार के रूप में 'ज्ञानोदय शाला उन्नयन अभियान' प्रारंभ किया गया है। यह अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा के क्षेत्र में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करता है। वर्तमान में कई शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण बैठने की व्यवस्था का अभाव है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस अभियान की शुरुआत की गई है, जिसके अंतर्गत इच्छुक व्यक्ति, सामाजिक संगठन, औद्योगिक प्रतिष्ठान, स्वयंसेवी संस्थाएँ तथा पूर्व छात्र विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए डेस्क प्रायोजित कर सकते हैं तथा कक्षाओं के उन्नयन, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्यों में सहयोग प्रदान कर सकते हैं। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा संबंधित शालाओं में आवश्यकता अनुसार मरम्मत, रंगाई-पुताई एवं आधारभूत सुधार कार्य कराए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं अध्ययन हेतु अनुकूल वातावरण का निर्माण हो सके। विद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ कक्षाओं को आकर्षक एवं प्रेरणादायी स्वरूप प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, मनरेगा योजना के अंतर्गत जल संरक्षण को प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय परिसरों में वॉटर रिचार्ज स्ट्रक्चर (जल पुनर्भरण संरचनाओं) का निर्माण भी कराया जाएगा। इससे वर्षा जल का संचयन होगा, भूजल स्तर में सुधार होगा तथा विद्यालय परिसर में दीर्घकालीन पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित की जा सकेगी। इस प्रकार 'ज्ञानोदय शाला उन्नयन अभियान' केवल भौतिक संसाधनों के उन्नयन तक सीमित न होकर, समग्र विकास एवं सतत् अधोसंरचना निर्माण की दिशा में एक व्यापक पहल है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक सुरक्षित, स्वच्छ, गरिमापूर्ण एवं प्रेरणादायी शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी एकाग्रता, उपस्थिति एवं शैक्षणिक प्रदर्शन में सकारात्मक सुधार हो सके। 'ज्ञानोदय' केवल संसाधन उपलब्ध कराने का अभियान नहीं है, बल्कि यह समाज और विद्यालय के बीच सशक्त साझेदारी स्थापित करने का एक प्रयास है। अभियान के अंतर्गत प्राप्त सहयोग को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संबंधित विद्यालयों तक पहुँचाया जाएगा। दानदाताओं को उनके योगदान की जानकारी एवं उपयोग संबंधी विवरण भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उत्तरदायित्व एवं विश्वास की भावना को सुदृढ़ किया जा सके। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस जनहितकारी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएँ और अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग दें। एक छोटी सी पहल भी किसी विद्यार्थी के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकती है।

# नवविवाहिता का पंखे से लटका मिला शव

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पटरी पार क्षेत्र में बुधवार दोपहर को एक नवविवाहिता का पंखे से लटका शव मिला। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई की। पीएनटी कॉलोनी क्षेत्र में बुधवार सुबह एक

**पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया**

नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका का नाम आरजू (32) है। घटना के समय पति शमशुद्दीन शेख घर पर नहीं था। वह घर पर बाहर से ताला लगाकर अपनी चाची के निधन के बाद आयोजित 'तीसरा' कार्यक्रम में गया था। दोपहर करीब 12.15 बजे जब वह लौटा और ताला खोलकर अंदर गया, तो पत्नी पंखे से लटकी मिली। शमशुद्दीन ने तुरंत पड़ोसियों को बताया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल और औद्योगिक क्षेत्र थाने के सब इंस्पेक्टर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को मेडिकल कॉलेज भेजा। शाम 5.30 बजे मृतिका के पिता और अन्य परिजन पहुंचे। मामला नवविवाहिता की मौत का होने के कारण नायब तहसीलदार रामचंद्र पांडेय भी मौके पर मौजूद रहे। सब इंस्पेक्टर अशोक दीक्षित के अनुसार, पूछताछ में पति ने बताया कि वह सुबह 6.30 बजे घर पर ताला लगाकर गया था। सुबह 9.30 बजे पत्नी ने फोन कर उसे बुलाने (ले जाने) के लिए कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। इसके बाद सुबह 11.30 बजे पति ने दो बार कॉल किया, लेकिन आरजू ने रिसीव नहीं किया। वहीं, पति का कहना है कि सुबह 9.30 बजे पत्नी का फोन आया था और उसने तबीयत खराब होने की बात कही थी। तब वह घर आया और दवा देकर वापस चला गया। जब दोपहर में लौटा तो वह फंदे पर लटकी मिली। उसने बताया कि उनके बीच किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं था। ऑटो डील का काम करता है।

### अलग-अलग हादसों में तीन की मौत

जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्र में फांसी लगाने, जहर खाने व अज्ञात कारणों से इलाज के दौरान कुल तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सरवन थाना क्षेत्र के ग्राम बल्लीखेड़ा में नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर शंकर पिता कालु मईडा (45) ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतक शंकर के छोटे भाई शांतिलाल की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। वहीं औद्योगिक थाना क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज में भर्ती खुशबु उर्फ आरती पंकज मकवाना(19) निवासी नयापाडा थाना बदनावर (धार) की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार खुशबु ने जहर खा लिया था जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। वहीं ग्राम मठरुंडा (गोपालपुरा) निवासी दौलत पिता गेंदालाल डोडियार (20) को अज्ञात कारणों के चलते उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

# सरकारी कर्मचारियों बिना हेलमेट ऑफिस पहुंचे तो कटेगा चालान

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शासकीय कर्मचारियों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन से कार्यालय आने वाले कर्मचारियों

**हेलमेंट लेकर कार्यालय पहुंचने लगे कर्मचारी**

पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी को लेकर 28 जनवरी को सड़क सुरक्षा समिति की जिला स्तरीय बैठक में कलेक्टर मिशा सिंह द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद शासकीय कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारी बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाकर कार्यालय आ रहे हैं। इसके चलते अब एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने कार्रवाई को लेकर आदेश जारी किए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई कर्मचारी बिना हेलमेट कार्यालय आता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध चालानी कार्रवाई के अनुरूप राशि वसूल की जाएगी और इसकी मासिक रिपोर्ट भी कार्यालय प्रमुख से ली जाएगी। कलेक्ट्रेट परिसर व आसपास के शासकीय कार्यालयों के बाहर कई कर्मचारी बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन से आते-जाते दिखाई दिए। कुछ कर्मचारियों के वाहन पर हेलमेट टंगा हुआ था, लेकिन वे स्वयं उसे पहने हुए नहीं थे। जारी आदेश में सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने कार्यालय में इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।



# भाजपा नेता डागा ने कैबिनेट मंत्री काश्यप के साथ सीएम डॉ. यादव से की मुलाकात

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रतलाम के पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा को पार्टी संगठन ने इंदौर ग्रामीण जिले का प्रभारी

**इंदौर ग्रामीण के प्रभारी बनने के बाद भोपाल पहुंचे**

नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण दायित्व की घोषणा के बाद राजनीतिक और संगठनात्मक हलकों में सक्रियता बढ़ गई है।

नियुक्ति के उपरांत श्री डागा ने बुधवार को भोपाल पहुंचकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की तथा उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप भी उनके साथ मौजूद रहे। श्री डागा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन द्वारा दिए गए दायित्व को पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाने का संकल्प व्यक्त किया। भाजपा द्वारा दो दिन पूर्व प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारियों की घोषणा की गई थी। रतलाम से पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा को इंदौर ग्रामीण जैसे राजनीतिक दृष्टि महत्वपूर्ण क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपे जाने को संगठन में उनके अनुभव और सक्रियता का सम्मान माना जा रहा है। उनके प्रभारी बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का वातावरण है।

भोपाल प्रवास के दौरान श्री डागा ने सर्वप्रथम कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप से मुलाकात कर अपनी नियुक्ति पर आभार प्रकट किया। इसके पश्चात वे मंत्री काश्यप के साथ मुख्यमंत्री निवास पहुंचे और औपचारिक मुलाकात की।इस अवसर पर उज्जैन नगर प्रभारी बजरंग पुरोहित एवं भाजपा नेता मनोहर पोरवाल भी उपस्थित रहे।

# रास्ता रोककर विवाद, 6 प्रकरण दर्ज किया

**रतलाम।** जिले के बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम छोटा रायनापाड़ा में दो भाईयों के बीच विवाद हो गया। विवाद में दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर 6 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम छोटा रायनपाड़ा निवासी करणसिंह पिता गोरेलाल बंजारा का भाई भारत का विवाद हो गया। भारत ने पुलिस को बताया कि पारिवारिक बातों को लेकर हुए विवाद में हमारे साथ विवाद कर जान से मारने की धमकी दी हैं। साथ ही परेशान किया जा रहा हैं। भरत के अनुसार करणसिंह, उसकी पत्नी लीला बाई, बेटा भोजराज और अनिल ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरी ओर से फरियादी बने करणसिंह ने पुलिस को बताया कि भारत ने पत्नी मंजू बाई के साथ मिलकर उसका रास्ता रोककर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर बिलपांक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार रास्ता रोककर विवाद कर विवाद करने की बात सामने आई हैं। अभी हमने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की हैं।

# महाशिवरात्रि पर 251 यजमान एक साथ करेंगे अभिषेक



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सनातन सोशल ग्रुप द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत-महात्माओं के सानिध्य में भव्य महाकाल महारुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तहत 251 यजमान एक

**श्री कालिका माता मंदिर मेला ग्राउंड में संपन्न हुआ भूमिपूजन**

साथ बाबा महाकाल का महारुद्राभिषेक कर पूजन-अर्चन करेंगे। भव्य आयोजन की तैयारियों के क्रम में बुधवार सुबह 10:30 बजे श्री कालिका माता मंदिर मेला प्रांगण में दण्डी स्वामी मठ के स्वामी आत्मानन्दजी सरस्वती जी के सानिध्य में विधि-विधान से भूमि पूजन संपन्न हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में अजय शर्मा उपस्थित हुए। इसके अलावा आयोजन में 12 ज्योतिर्लिंग के प्रमुखों में नारायण चौधरी, आशीष जोशी, संजय सोनी (अप्पू), पवन सोलंकी, पंकज गगरानी एवं नरेश केवलानी सहित अन्य प्रमुखजन ने सहभागिता की। सनातन सोशल ग्रुप के संयोजक मुन्नालाल शर्मा एवं अध्यक्ष अनिल पुरोहित (एपी) ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय अन्य उपस्थिति रही। भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, बजरंग पुरोहित, मनोहर पोरवाल, राजेश महेश्वरी, वीरेंद्र वाफगांवकर, मोहनलाल भट्ट, कैलाश झालानी, प्रवीण सोनी, सूरज जाट, अशोक पंड्या, मोहन मुरलीवाला, पवन सोमानी, दिनेश पटेल, नरेंद्र जोशी, शैलेन्द्र तिवारी, निमिष व्यास, राजेश कटारिया, बसंत पंड्या, पुष्पेंद्र जोशी, शैलेन्द्र सिंह राठौर, राजेश जैन, नीलेश सोनी, विशाल जायसवाल, सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**मातृ शक्ति मंडल की सहभागिता:** कार्यक्रम में मातृ शक्ति मंडल की सक्रिय भागीदारी भी रही। राखी व्यास, दिव्या शर्मा (एडवोकेट), पूजा वोहरा, पूजा शर्मा, शीतल पांचाल, प्रीति सोलंकी (एडवोकेट), हेमा निरंजनी (एडवोकेट), सपना त्रिपाठी, सुधा गुप्ता, दीप्ति दवे, ऊषा देवी, पदमा उपाध्याय, वंदना जोशी, जया सोमानी, रेखा खत्री, अंजू कौशल, ममता सोलंकी एवं चंदा त्रिवेदी सहित अन्य महिलाओं ने उपस्थिति दर्ज कराई।

# भक्तों के लिए मानव रूप धारण करते है भगवान : पं. चतुर्वेदी

**रतलाम।** स्वर्ग को छोड़कर भगवान धरती पर मानव रूप धारण करते हैं, ताकि लीला अवतार में भगवान प्रभु का गुणगान सुन सके। धरती पर जन्म लेने वाले मनुष्य

**कथा का विश्राम होगा 14 फरवरी को**



भगवान से भी ज्यादा भाग्यशाली हैं कि उन्हें भगवान की सभी कथाओं का श्रवण करने का अवसर मिल रहा है। यह विचार आचार्य प्रवर गोपाल कृष्ण चतुर्वेदी ने व्यक्त किए। आचार्य श्री चतुर्वेदी श्री शिवमहा पुराण कथा अमृत महोत्सव में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। चतुर्थ दिन की कथा की शुरुआत में धर्मनिष्ठ सुरेशचन्द्र जोशी दंपति ने पुराण का पूजन किया। पं.भवानी शंकर जोशी, लक्ष्मीदेवी जोशी, प्रभु दयाल जोशी, शांति देवी जोशी, वासुदेव जोशी, प्रमोद शर्मा एवं नीता जोशी की पुण्य स्मृति में श्री शिव महापुराण कथा अमृत महोत्सव का आयोजन श्री कुबेरेश्वर महादेव मंदिर दीनदयाल नगर पर हो रहा हैं। यहां सुबह 12.30 से शाम 4:30 बजे तक आचार्य प्रवर श्री चतुर्वेदी द्वारा कथा श्रवण कराई जा रही है। कथा का विश्राम 14 फरवरी को होगा। धर्मालु सुशीला देवी जोशी पंडित रघुनंदन जोशी, शकुंतला जोशी, सुमन लता जोशी मनकामेश्वर जोशी, डॉ. राजेश जोशी, गिरीश जोशी, दिनेश जोशी, महेश जोशी, मंजुला जोशी, कुसुम जोशी, संगीता जोशी, तृप्ति जोशी, चेतना जोशी ने कथा श्रवण करने का आह्वान किया।

# अध्यक्ष गरिमा जैन, सचिव सरिता जैन मनोनीत

**जावरा।** श्री जैन दिवाकर बहू मंडल के वार्षिक पदाधिकारी का चयन मंडल संरक्षक चित्रा औसतवाल, उषा कोचट्टा एवं निवर्तमान अध्यक्ष प्रियंका जैन की उपस्थिति में किया ओर वार्षिक कार्यों एवं गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। सर्व सहमति से संरक्षक हंसा सुराना, अध्यक्ष गरिमा जैन, सचिव सरिता जैन, कोषाध्यक्ष प्रीति भटेवरा को मनोनीत किया। अन्य पदाधिकारीयो मे अनीता भंडारी, अलका तातेड, माया लूनिया, बुलबुल चतर, रितु टुकडियां को मनोनित किया। इस मौके पर संस्था के पुर्वाध्यक्ष व सदस्यगण मौजूद रहे एवं सभी ने नवीन पदाधिकारी को अपनी शुभकामनाएं दी।

# पं.उपाध्याय जैसे नेतृत्व के संघर्ष, समर्पण से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी : जिलाध्यक्ष उपाध्याय




**रतलाम।** भाजपा के पितृ पुरुष पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि बुधवार को समर्पण दिवस के रूप मे मनाई गई। जिला भाजपा द्वारा दीनदयाल नगर स्थित उद्यान मे पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर कार्यक्रम हुआ। माल्यार्पण के बाद आजीवन सहयोग निधि अभियान की शुरुआत हुई। जिसमें पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने चेक प्रदान कर राशि समर्पित की। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, उज्जैन नगर जिला प्रभारी शैलेंद्र डागा, इंदौर ग्रामीण जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा आदि की और से आजीवन सहयोग निधि की और से चेक प्रदान किये गए। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय कहा कि पं.उपाध्याय जैसे नेतृत्व के संघर्ष, समर्पण से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी।

# पूर्व भव के पुण्य योग से मानव जन्म मिलता है और मनुष्य जन्म के लिए तो देवता भी तरसते हैं

**जावरा।** पूर्व भव के पुण्य योग से मानव जन्म मिलता है और मनुष्य जन्म के लिए तो देवता भी तरसते हैं। यदि पुन: मनुष्य जन्म प्राप्त करना है तो निस्वार्थ भाव से पुरूषार्थ की भावना से हमें प्राणी मात्र की सेवा का भाव रखना चाहिए।

**जैन सौश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन ने किया गौमाता का स्वामी वात्सल्य**



गुरु भगवंत कहते हैं कि दु:खी एवं पीडित मानव की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है गौमाता में तो साक्षात देवताओं का वास होता है गौमाता की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है। उक्त विचार जीवदया सोसायटी पर गौमाता के स्वामी वात्सल्य हरि घास व गुड के लाभार्थी जैन सौश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन अध्यक्ष एवं समाजसेवी नवनीतसिंह श्रीमाल के जन्मदिन पर उनका स्वागत अभिनन्दन करते हुए समाजसेवी व ग्रुप के वरिष्ठ मार्गदर्शक सुजानमल कोचट्टा ने व्यक्त किए।

ग्रुप सदस्यों ने दुपट्टे व मोतियों की माला से अध्यक्ष नवनीतसिंह श्रीमाल का स्वागत किया। स्वागत के प्रति उतर में ग्रुप अध्यक्ष श्रीमाल ने कहा कि यह मेरा स्वागत नहीं बल्कि सम्पूर्ण ग्रुप के सदस्यों का स्वागत है मैं तो सिर्फ नीमित मात्र हुं आप हम सब मिलकर पुरूषार्थ की भावना से प्राणी मात्र की सेवा के इस महायज्ञ में बढ़ चढ़कर सेवा का संकृल्प लेंगे तो ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

**इनकी रही उपस्थिती:** जीव दया के अवसर पर उपाध्यक्ष पारसमल छाजेड, सुशील जैन, सचिव अशोक ओरा, कोषाध्यक्ष जवाहरलाल श्रीश्रीमाल के साथ संचालक मण्डल सदस्य डॉ सुरेश मेहता, दिलीप पारख, अशोक चोपड़ा, प्रकाश पटवारी, वीरेन्द्र वीनाक्या, दिलीप चण्डालिया, पारसमल ओरा, कनेश मेहता, प्रकाश कोठारी, राजेन्द्र कोचर, विनोद चपडोद, नेमीचंद जैन, सुभाष तलेरा, विमल सिसोदिया, शान्तिलाल डांगी, मदनलाल धारीवाल, धर्मवीर श्रीमाल आदि उपस्थित रहे।

**प्रदर्शन** — सात सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर की नारेबाजी, आश्वासन के बाद माने कर्मचारी

# सीएमओ आफिस के बाहर नपा के कर्मचारियों ने दिया धरना

**नवभारत न्यूज**

जावरा। नगर पालिका के समस्त कर्मचारियों ने 7 सूत्रीय मांगों का निराकरण करवाने को लेकर बुधवार को सीएमओ आफीस के बाहर नपा के समस्त कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। नारेबाजी के बाद सीएमओ राहुल शर्मा मोके पर पहुचे ओर उनके आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। सीएमओ को ज्ञापन देते हुए कर्मचारियों ने कहा, 13 मार्च 2024 से लागू न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अंतर्गत रा'य के श्रमिकों हेतु 1 अप्रेल 2024 से पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन लागु किया गया है, साथ ही श्रमायुक्त द्वारा वेतन एरियर की राशि सहित दिए जाने के आदेश प्रदान किये गये है, शिघ्र नगर पालिका परिषद्, जावरा में मस्टरकर्मियों को एरियर की 11 माह की राशि जो बकाया है



उसे दिलवाई जाए। साथ ही नगर पालिका परिषद् जावरा में आज भी कई कर्मचारी 29 दिवस में कार्यरत है। ऐसे समस्त सफाईकर्मियों, मस्टरकर्मियों को 30 दिवस में किए जाने के साथ ही उन्हें कलेक्टर वेतनमान दिलाया जाए। प्रत्येक माह की 5 ओर 10 तारीख तक वेतन दिया जाए-नगर पालिका परिषद् जावरा में कार्यरत स्थाईकर्मीयों, विनियमित कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 5 तारीख तक एवं दे.वे.भो, मस्टरकर्मीयों को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक वेतन दिया जाए। वही निकाय में सफाई कर्मचारियों के रिक्त पड़े पदों पर अन्य जाति वर्ग के व्यक्तियों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी जाए। निकाय में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को पिछले 2 वर्षों से ड्रेस नहीं दी गई है, सभी कर्मचारियों को ड्रेस उपलब्ध कराई जाए। वाल्मिकी समाज के विभिन्न मांगलिक आयोजनों हेतु नगर में किसी भी शासकीय स्थान पर नवीन वाल्मिकी मांगलिक भवन स्वीकृत करवाया जाए।

### ये रहे धरना प्रदर्शन मे शामिल

अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ नगर अध्यक्ष करण कल्याणे, उपाध्यक्ष दशरथ चौहान, रवि गोसर, कोषाध्यक्ष विकास थानवार, शिव चावरे अध्यक्ष लोकेश कुमार विजयवर्गी, ,इंजीनियर ,महेश सोनी, इंजीनियर संजय कल्याणी, सोनू परिहार, सोनू डुलगज, कालू गुलगंज , महबूब भाई, पुष्पराज व्यास, संजय सैनी, तुलसीराम , छोटू चावरे, जफर हुसैन, बाबर, प्रदीप खरे, कैलाश भाटी, पंकज रावत, राजकुमार शिंदे, स्थापना बाबू सिद्दीक भाई, रितु सोनी, चौधरी मैडम, पूजा, चरण, लक्की फरक्या, अमित राठौर एवं नगर पालिका के समस्त कर्मचारी धरना प्रदर्शन मे शामिल रहे।